राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–246/2024

राज्यपाल ने पटना विश्वविद्यालय के छात्रावास से संबंधित बैठक की

पटना, 28 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में पटना विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, सभी छात्रावासों के अधीक्षक/वार्डेन तथा पटना के प्रमंडलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ विश्वविद्यालय के छात्रावासों की स्थिति, अनुशासन आदि के संबंध में बैठक की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये।

राज्यपाल ने बैठक में निदेश दिया कि जिन छात्रावासों का मरम्मत का कार्य चल रहा है उसे निर्धारित समय में पूरा कर उन्हें छात्रों को आवंटित करें। अधीक्षक/वार्डेन नियमित रूप से छात्रावासों में जाकर अनुश्रवण करें।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन वहाँ के छात्र–छात्राओं के लिए ही है। उन्होंने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच संवाद की निरंतरता बनाये रखें। राज्यपाल ने कुलपति को विश्वविद्यालय प्रशासन में आवश्यक बदलाव लाने का निदेश दिया। उन्होंने छात्रसंघ के चुनाव पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

....